# DISABILITY WEEK CELEBRATIONS 2022 AT GRIID

Government Rehabilitation Institute for Intellectual Disabilities, Sector 31, Chandigarh organized weeklong celebrations of International Day of Persons with Disabilities from Nov. 29th to Dec. 3rd, 2022. The program was as follows:

1. IQ assessment camp on 29th Nov., 2022
2. ICF workshop on 30th Nov., 2022
3. Sports events for GRIID special students on 1st Dec., 2022
4. Sports events for GRIID staff & College students on 2nd Dec., 2022
5. Carnival on 3rd Dec., 2022

The daywise details are as follows:

**1. IQ assessment camp on 29th Nov., 2022**

GRIID started the celebrations for International Day of Persons with Disabilities by organizing a Disability Assessment and Certification Camp at GRIID clinic on Nov., 29, 2022. The camp was inaugurated by Prof. Priti Arun, Joint Director GRIID.

Approximately 30 Children with Special Needs (CWSN) from various schools of District Mohali attended the camp. In the camp, CWSN were tested for I.Q. certification and guidance regarding UDID and other govt. benefits were explained to the parents of Children with Special Needs (CWSN).

A team of specialists comprising child specialist, clinical psychologist, physiotherapist, occupational therapist, speech therapist, optometrist and medical social worker assessed the CWSN and provided them with medical and therapeutic intervention. Refreshments co-sponsored by Swaraj Engines Ltd., Mohali were given to the children.







## 2. ICF Workshop on 30th Nov., 2022

GRIID organized International workshop on "How to use International classification of Functioning (ICF) by WHO" on 30th Nov., 2022. The workshop was accredited with CRE status by Rehabilitation Council of India (RCI). Around 60 professionals from India and abroad participated in the workshop. The chief guest of the inaugural function was Prof. (Dr.) Jasbinder Kaur, Director Medical Research and Education, Chandigarh and Director GRIID who felicitated the Guest of Honour Dr. B. Mohd. Asheel, National Professional Officer, WHO (India). Participants were welcomed by Prof. Priti Arun, Joint Director-GRIID.


Dr.Catherine Sykes, Physiotherapist and Senior Research Fellow, WHOFIC, Australia gave the KeyNote address and Dr.Suvarna Ganvir, Dr. Prashant Naik, Dr. Apurva Shimpi and Dr. Robins Kumar were the resource person during the workshop. There were various sessions like introduction of ICF, aims and uses, coding, e-documentation, and Hands-on Training. On completion of sessions, certificates were distributed to all the participants.

Program ended with the proposal of Vote of thanks by Dr. Ravi K M, Asst. Professor & Course coordinator, College of Special Education, GRIID.





अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



### ग्रिड में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला, देश-विदेश से 60 पेशेवर पहुंचे

चंडीगढ़। राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) सेक्टर- 31 में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से आयोजित कार्यशाला का विषय 'इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ फंक्शनिंग (आईसीएफ) का उपयोग कैसे करें' था।

इसमें देश-विदेश से आए करीब 60 पेशेवरों ने भाग लिया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा एवं शोध विभाग चंडीगढ़ के निदेशक सह संस्था निदेशक डॉ. जसविंदर कौर मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने कार्यशाला का उद्घाटन किया।

कार्यशाला में डब्ल्यूएचओ-एफआईसी ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठ रिसर्च फेलो सह फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. कैथरीन साइक्स ने व्याख्यान दिया। धर्मा फाउंडेशन के डॉ अलकनंदा बनर्जी, डॉ. स्वर्णा रणवीर, डॉ. प्रशांत नायक, डॉ. अपूर्व शिंपी एवं डॉक्टर रॉबिंस कुमार सहित कई पेशेवर इसमें शामिल हुए।

कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम के अंत में ग्रिड के सहायक प्रोफेसर, सह पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. रवि केएम ने सभी लोगों का धन्यवाद किया। संवाद



### अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)।** राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा 'विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा किए गए इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ फंक्शनिंग (आईसीएफ) का उपयोग कैसे करें' विषय पर आज अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली के द्वारा कंटिन्यूइंग रिहैबिलिटेशन एजुकेशन (सी आर ई) का दर्जा दिया गया था। इसमें देश-विदेश के करीब 60 प्रोफेसनलों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि चिकित्सा शिक्षा एवं शोध विभाग, चंडीगढ़ के निदेशक सह संस्थान निदेशक डॉ जसविंदर कौर थे। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन (भारत) के नेशनल प्रोफेशनल ऑफिसर डॉ बी मो. आशील को गेस्ट ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। संस्थान के संयुक्त निदेशक प्रोफेसर प्रीति अरुण ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। डब्ल्यू एच ओ - एफ आई सी, ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठ रिसर्च फेलो सह फिजियोथैरेपिस्ट डॉ कैथरीन साइक्स ने मुख्य व्याख्यान दिए। धर्मा फाउंडेशन के डॉ अलखनंदा बनर्जी, डॉ स्वर्णा गणवीर, डॉ प्रशांत नाइक, डॉ अपूर्व शिंपी एवं डॉक्टर रॉबिंस कुमार रिसोर्स पर्सन थे। इस कार्यशाला में आईसीएफ का परिचय, उद्देश्य और उपयोग, कोडिंग, ई डॉक्यूमेंटेशन एवं हैंड्स ऑन ट्रेनिंग जैसे विभिन्न सत्र थे।सत्र पूर्ण होने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज आफ स्पेशल एजुकेशन, ग्रिड के सहायक प्रोफेसर सह पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ रवि केएम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

3. **Sports events for GRIID special students on 1st Dec., 2022**

Mrs Nitika Pawar, IAS, Secretary, Social Welfare inaugurated the Sports Meet on December 1, 2022 organised by Government Rehabilitation Institute for Intellectual Disabilities (GRIID), Sector 31-C, Chandigarh for its GRIID special school students as a part of weeklong celebrations of International Day of Persons with Disabilities.

The dance performance at inaugural function by GRIID school and college students and instrumental music played by GRIID special school students enthralled the audience.

Abhay, Sahibjeet, Shanky, Nitin, Shikha, Purva and Bulbul-GRIID special students'- winners and participants - of WWAD (Walk With A Difference) 2022 event that recently concluded in Kolkata, and other senior dignitaries were given Award of Honour.

Dr Jasbinder Kaur, Director-Principal Government Medical College and Hospital, Sector-32, Chandigarh and Director GRIID; Dr Priti Arun, Joint Director GRIID; Dr Vani Ratnam, Principal, GRIID special school ; Mr Jaspal Sharma, Administrative Officer; Mr Mukesh Bansal, Plant Head, Swaraj Engines; Mr Prashant Gautam, Director Sports Panjab University; Dr. Satinder Kaur Sachdeva, Chairperson Child Welfare

Committee; Mrs Heera Negi, Former senior Deputy Mayor; Mrs Pooja Ghai, President Parents/Guardian society; and Mrs Sunila Garg, President Inner Wheel Club Chandigarh and other dignitaries of GRIID and Swaraj Engines were also present on the occasion.

GRIID special students participated in various sports events according to their ability and age like relay race, table tennis, badminton, shot put, 25 mt. walk, 100 mt. race conducted in gymnasium hall and sports ground of Panjab University. Approximately 450 students participated with full enthusiasm and energy and mesmerised the audience with their achievements.



**Mrs Nitika Pawar, IAS secretary giving prize to Sikha for participation in WWAD**




STAG


STAG




3
1
2

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दो दिवसीय ग्रिड स्पोर्ट्स मीट का उद्घाटन

# विशेष विद्यालय के 450 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में ग्रिड के विशेष विद्यालय और कॉलेज के छात्रों के लिए आयोजित दो दिवसीय ग्रिड स्पोर्ट्स मीट में भाग लेते हुए छात्र। (के.एस.राणा)

चंडीगढ़, 1 दिसम्बर (लल्लन): पंजाब विश्वविद्यालय में ग्रिड के विशेष विद्यालय और कॉलेज के छात्रों के लिए आयोजित दो दिवसीय ग्रिड स्पोर्ट्स मीट का उद्घाटन वीरवार को समाज कल्याण विभाग चंडीगढ़ प्रशासन के सचिव नीतिका पवार ने किया। इस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित दिव्यांगता सप्ताह समारोह के तहत किया गया था।

उद्घाटन समारोह में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने मनमोहक संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि नीतिका पवार ने ग्रिड के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं हाल ही में कोलकाता में आयोजित वॉक विद अ डिफरेंस ऑडिशन 2022 में संस्थान के विशेष विद्यालय के विजेता छात्र अभय और साहिबजीत आदि को सम्मानित किया। इसके अलावा अन्य गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। स्पोर्ट्स मीट में 450 छात्रों ने अपनी क्षमता के अनुसार विभिन्न खेलों जैसे रिले रेस, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शॉट पुट, 25 मीटर वॉक, 50 मीटर एवं 100 मीटर रेस इत्यादि में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया एवं अपनी उपलब्धियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी विजेताओं को अंतिम दिन सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान गवर्नमैंट मैडीकल कॉलेज हॉस्पिटल के डायरैक्टर प्रिंसीपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर, संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ वाणी रत्नम, कार्यक्रम समन्वयक डॉ रवि के.एम., क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष सुनीला गर्ग उपस्थित रहे।

# परफॉर्म करने के मामले में भी पीछे नहीं है स्पेशल स्टूडेंट्स

**Special Talent**

**स्पेशल स्टूडेंट्स को मंच पर हम परफॉर्म करते हुए देखते हैं, पेंटिंग बनाते हुए खेलते भी हुए देखते हैं। अब जानते हैं किस तरह से उन्हें तैयार किया जाता है।**

सिटी रिपोर्टर | चंडीगढ़



ऐसे मंच बहुत है जहां पर स्टूडेंट्स परफॉर्म करते हैं। लेकिन परफॉर्म करने के मामले में स्पेशल स्टूडेंट्स भी पीछे नहीं हैं। फिर चाहे पेंटिंग बनानी हो, गाना हो, डांस हो या फिर कोई गेम। कंपीटिशन, खास मौके से लेकर स्कूल के एनुअल फंक्शन में वह परफॉर्म करते हुए नजर आते हैं। इन्हें मंच इसलिए भी दिया जाता है कि इनका टैलेंट सभी देख पाएं व समझ पाएं। यह भी हमारे समाज का हिस्सा हैं। 3 दिसंबर को इंटरनेशनल डे ऑफ पर्संस विद डिसेबिलिटीज है। इस मौके पर शहर के स्पेशल स्कूल की ओर से इस दिन को मनाने के अलावा डिसेबिलिटी वीक सेलिब्रेट किया जा रहा है। इसके तहत वर्कशॉप, डांस, गाना, कंपीटिशन, स्पोर्ट्स ईवेंट, फैशन शो आयोजित हो रहे हैं। किसी ने वीक की शुरूआत कर दी है तो कई जगह तैयारी चल रही है। इन सभी एक्टिविटी में स्पेशल स्टूडेंट्स हिस्सा ले रहे है। स्पेशल स्कूल में ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, डाउन सिंड्रोम व अन्य इंटलेक्चुअल डिसेबिलिटी से लेकर ब्लाइंड स्टूडेंट्स पढ़ते हैं। लेकिन जब बात पढ़ने व काम करने की आती है तो वह डिसेबिलिटी को खुद पर हावी नहीं होने देते। अपनी पसंदीदा एक्टिविटी में हिस्सा लेते रहते हैं। लेकिन इन्हें मंच तक पहुंचाने में इनकी स्कूल टीचर्स और प्रिंसिपल का हाथ होता है। ऐसे में हमने जाना कि वो किस तरह से इन स्पेशल स्टूडेंट्स को तैयार करते हैं? सिखाने का प्रोसेस क्या रहता है? क्या- क्या चैलेंज आते हैं? इन सवालों के जवाब जानते है इस रिपोर्ट में।

## काउंट के जरिए बताते है अगला स्टेप क्या है

अभी कुछ समय पहले ही 15 दिन में स्टूडेंट्स को डांस तैयार करवाया। अब फिर से डिसेबिलिटी वीक की तैयारी चल रही है। हमारे स्कूल में आज से प्रोग्राम शुरू होंगे। पेंटिंग, मेंहदी कंपीटिशन है। डांस होगा। मैं बच्चों को डांस सिखा रही हूं। यह बच्चे बोल और सुन नहीं सकते है लेकिन देख सकते हैं। साइन लैंग्वेज के जरिए इन्हें सब समझा दिया जाता है। बता देते है कि कितने काउंट करने के बाद कौन सा स्टेप करना है। कई बार परेशानी मंच पर होती है कि इन्हें इशारों से बताना पड़ता है कि गाना शुरू हो गया है। कार्यक्रम के लिए खुद ही तैयार हो जाते हैं। सब अच्छे से समझते हैं। जिन स्पेशल स्टूडेंट्स को साइन लैंग्वेज आती है उनके साथ परेशानी नहीं आती। लेकिन जिन्हें नहीं आती या जो सीख रहे है उनको सिखाने में थोड़ी परेशानी आती है। ●

**कविता, स्पेशल एजुकेटर, वाटिका स्कूल सेक्टर-19**

## हम रिवॉर्ड देते हैं

स्पेशल स्टूडेंट्स में टैलेंट की कोई कमी नहीं होती। यह हमें देखना पड़ता है किस स्टूडेंट का रुझान किस तरफ है। फिर वही हम सिखाते हैं। स्पोर्ट्स, सिंगिंग, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट कुछ भी सिखाना हो तो इनके मुताबिक कई बार चलते हैं। सिखाने के बीच- बीच में इन्हें रिवॉर्ड भी देते हैं ताकि ये मोटिवेट हो जाएं। हम डिसेबिलिटी वीक मना रहे हैं। इसके तहत कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं। ग्रिड में कार्निवल होगा। ●

**डॉ. वानी, प्रिंसिपल, ग्रिड सेक्टर- 31**

## साथ देना जरूरी

कुछ स्टूडेंट्स ऐसे है जिनकी पहले से ही दृष्टि नहीं, उन्होंने कभी रंग देखे ही नहीं, दिन और रात का पता ही नहीं। कुछ ऐसे है जिन्होंने दुनिया के रंग देखे हैंऔर किसी न किसी वजह से दृष्टि को खोया है। जब सिखाने की बात आती है तो हर कदम पर सपोर्ट देना पड़ता है। ●

**जगमा सिंह जयाड़ा, प्रिंसिपल, सेक्टर-26 के इंस्टीट्यूट फॉर द ब्लाइंड**

## चैलेंज तो आते ही हैं

- अगर नॉर्मल स्टूडेंट्स दो से तीन बार बताने में समझते है तो स्पेशल स्टूडेंट्स को पांच या इससे ज्यादा बार बात समझानी पड़ती है।
- छोटे बच्चों को सिखाने में ज्यादा चैलेंज है। वह बहुत जल्दी भूल जाते हैं।
- छोटे बच्चे या जिन्हें साइन लैंग्वेज समझ नहीं आती उनको समझाने में परेशानी आती है।
- ब्रेक ले कर इन्हें सिखाया जाता है।
- जो देख नहीं पाते उनको एक जगह से दूसरी जगह तक के लिए हर बार सहारा देना पड़ता है।



दैनिक भास्कर

चंडीगढ़, शुक्रवार 2 दिसंबर, 2022

| Special Sports Meet | तुषार-शिखा को सिल्वर मेडल

## जतिन और शिवानी ने जीते गोल्ड


चंडीगढ़. ग्रिड स्पोर्ट्स मीट अबव-22 बॉयज के 100 मीटर रेस में जतिन ने गोल्ड मेडल हासिल किया। तुषार को सिल्वर और जसकरन को ब्रॉन्ज मिला। गर्ल्स में शिवानी ने टॉप स्पॉट हासिल किया। शिखा ने सिल्वर और सोनाली ने ब्रॉन्ज जीता। 16-21 एज कैटेगरी 100 मीटर में अजय ने गोल्डन फिनिश की। गुरजीत को सिल्वर और सुरेश को ब्रॉन्ज मिला। 8-15 एज कैटेगरी 100 मीटर में अनूप जोशी सबसे तेज रहे। सत्यम ने सिल्वर और नितिन ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया। शॉटपुट 15-22 एज कैटेगरी में सूरज ने सबसे बड़ा थ्रो किया और नितिन ने सिल्वर हासिल किया। सूरज को ब्रॉन्ज मिला। 15-22 एज कैटेगरी में सोनी को गोल्ड, संध्या को सिल्वर मिला और कीर्ति को ब्रॉन्ज मिला। अबव-22 एज कैटेगरी में मनजीत और हरी जॉइंट विनर रहे।

4. **Sports events for GRIID staff & College students on 2nd Dec., 2022**

GRIID college students and staff participated in a number of games such as lemon spoon race, relay race, shot put, and others and won medals.





पीयू में आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग लेतीं शिक्षिकाएं। अमर उजाला

## ग्रिड के विद्यार्थियों ने दिखाए जौहर

माई सिटी रिपोर्टर

चंडीगढ़। पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में ग्रिड की ओर से आयोजित स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन शुक्रवार को कॉलेज के विद्यार्थियों और कर्मियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इसमें डीएड, बीएड और एमएड स्पेशल एजुकेशन बौद्धिक दिव्यांगता में पढ़ रहे करीब 120 विद्यार्थियों और संस्थान के 100 शिक्षकों व गैर शैक्षणिक कर्मियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बैडमिंटन, 100 मीटर रेस, रिले रेस, शॉटपुट, लेमन स्पून रेस, ब्रिस्क वॉक प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। विशेष विद्यालय और कॉलेज के विजेताओं को विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ वाणी रत्नम, ग्रिड कॉलेज के कार्यक्रम समन्वयक डॉ रवि केएम, क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ करुप्पास्वामी, रिसर्च असिस्टेंट वंदना सिंह ने मेडल देकर सम्मानित किया। दिव्यांगता सप्ताह समारोह के अंतिम दिन 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस की मधुर बेला में ग्रिड परिसर में कार्निवल आयोजित किए जाएंगे।

चंडीगढ़, शनिवार 03 दिसंबर, 2022 | 3

## ग्रिड स्पोर्ट्स मीट: 100 मीटर रेस में कुलदीप ने जीता गोल्ड मेडल



चंडीगढ़. ग्रिड स्पोर्ट्स मीट में कुलदीप योगी ने कॉलेज स्टूडेंट 100 मीटर रेस का गोल्ड मेडल हासिल किया है। वे इवेंट में सबसे तेज रहे और सागर ने सिल्वर और विष्णु ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। शॉटपुट गर्ल्स में अमनदीप टॉप पर रहीं। उनका थ्रो बेस्ट रहा और नेहल ने सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। रामशरांजलि को ब्रॉन्ज मिला। 50 मीटर में आर्यन ने गोल्ड और जसप्रीत ने सिल्वर मेडल जीता। निमित को ब्रॉन्ड मेडल मिला।

4*100 मीटर गर्ल्स रिले रेस में प्रियंका, पूजा, शिखा और सिमरन ने शीर्ष स्थान पर कब्जा किया। ग्रिड स्टाफ रिले रेस में अनिल और मनीषा ने टॉप स्पॉट के साथ गोल्ड हासिल किया। राजविंदर और मनीषा ने सिल्वर जीता, जबकि ओपिंदर और विकेश के पेयर ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया। ब्रिस्क वॉक में हरमेश आगे रहे। उन्होंने गोल्ड मेडल के साथ रेस खत्म की और विशाल ने सिल्वर हासिल किया। अनिल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

amarujala.com/chandigarh शनिवार 03.12.2022

अमर उजाला 06

## ग्रिड के विद्यार्थियों ने दिखाए जौहर

माई सिटी रिपोर्टर

चंडीगढ़। पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में ग्रिड की ओर से आयोजित स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन शुक्रवार को कॉलेज के विद्यार्थियों और कर्मियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इसमें डीएड, बीएड और एमएड स्पेशल एजुकेशन बौद्धिक दिव्यांगता में पढ़ रहे करीब 120 विद्यार्थियों और संस्थान के 100 शिक्षकों व गैर शैक्षणिक कर्मियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बैडमिंटन, 100 मीटर रेस, रिले रेस, शॉटपुट, लेमन स्पून रेस, ब्रिस्क वॉक प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। विशेष विद्यालय और कॉलेज के विजेताओं को विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ वाणी रत्नम, ग्रिड कॉलेज के कार्यक्रम समन्वयक डॉ रवि केएम, क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ करुप्पास्वामी, रिसर्च असिस्टेंट वंदना सिंह ने मेडल देकर सम्मानित किया। दिव्यांगता सप्ताह समारोह के अंतिम दिन 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस की मधुर बेला में ग्रिड परिसर में कार्निवल आयोजित किए जाएंगे।

## Races mark sports event

**CHANDIGARH, DECEMBER 2**

A two-day sports meet organised by the Government Rehabilitation Institute for Intellectual Disabilities (GRIID), Sector 31-C, here, for its special school and college students and staff concluded here today.

Approximately 120 college students and 100 teaching and non-teaching staff participated in various events such as 100m race, relay race, lemon spoon race and brisk walk. Students and staff participated with full enthusiasm and zest.

Dr R Vani Ratnam, Principal, GRIID; Dr Ravi, college course coordinator; Dr Karuppasamy, Assistant Professor at GRIID college; Dr Reena Jain, clinic in-charge, and Vandana, Research Assistant at GRIID, awarded medals to special school and college students. —TNS

## 5. Carnival on 3$^{rd}$ Dec., 2022

Government Rehabilitation Institute for Intellectual Disabilities, Sector 31-C, Chandigarh concluded its weeklong celebrations for International Day of Persons with Disabilities with a colorful carnival organized in its premises.

Mrs Sarabjit Kaur, Mayor, was the chief guest on the occasion and distributed prizes to the winners of fancy dress competition, drawing competition, fashion show, rangoli competition and sports meet. In her address, she said special children should be considered a gift and appreciated teachers for their efforts in this direction.

The cultural performance by GRIID special school and college students and staff comprising of punjabi, western and eastern dances, and a group song dedicated to sportsmanship enthralled the audience. The chief guest and the senior dignitaries appreciated the food, fun games and teaching exhibition stalls installed in the carnival. There was huge enthusiasm amongst the audience and the participants.

Mr Jagtar Singh Jagga, Former Deputy Mayor; Dr Jasbinder Kaur, Director-Principal Government Medical College and Hospital, Sector-32, Chandigarh and Director GRIID; Dr Navneet Kaur from National Human Rights Commission; Priti Arun, Joint Director GRIID; Dr R Vani Ratnam, Principal GRIID; Dr Ravi, Dr Karuppasamy, Dr Reena Jain, Mrs Vandana, Mr Jaspal Sharma and others were present on the occasion.



Mrs Sarabjit, Mayor welcomed by GRIID special school student.



Mrs Sarabjit, Mayor; Dr Navneet Kaur from National Human Rights Commission and Dr Jasbinder Kaur, Director-Principal Government Medical College and Hospital, Sector-32, Chandigarh and Director GRIID dancing with the student participants.



GRIID special school students performing dance



GRIID college students performing dance

Mrs Sarabjit, Mayor, giving prizes to the students for various competitions



Mrs Sarabjit, Mayor; Dr Navneet Kaur from National Human Rights Commission; Dr Jasbinder Kaur, Director-Principal Government Medical College and Hospital, Sector-32, Chandigarh and Director GRIID; Dr Priti Arun, Joint Director GRIID; Dr R Vani Ratnam, Principal GRIID, school; and GRIID staff

# Mayor gives away prizes to winners

CHANDIGARH, DECEMBER 3

Government Rehabilitation Institute for Intellectual Disabilities, Sector 31, concluded its week-long celebrations for International Day of Persons with Disabilities with a colourful carnival on its premises.

Mayor Sarabjit Kaur, who was the chief guest, distributed prizes among the winners of fancy dress competition, drawing competition, fashion show, rangoli competition and sports meet. She said special children should be considered a gift. She appreciated teachers for their efforts in this direction. TNS

# Carnival at intellectual disabilities institute

**CHANDIGARH :** The Government Rehabilitation Institute for Intellectual Disabilities, Sector 31-C, concluded its week-long celebrations for International Day of Persons with Disabilities with a carnival organised in its premises. Mayor Sarabjit Kaur was the chief guest on the occasion and distributed prizes to the winners of various competitions. **HTC**

divyangjagat@gmail.com

जयपुर » शनिवार » 10 दिसम्बर, 2022

8

# दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा देख भावुक हुई चंडीगढ़ की मेयर

दिव्यांग जगत @ चंडीगढ़

बौद्धिक दिव्यांग बच्चे भोले भाले एवं छल कपट से रहित हैं। इन्हें शिक्षा देने के लिए असीम धैर्य की जरूरत पड़ती है। यहां आपलोग इन बच्चों को शिक्षण प्रशिक्षण दे रहे हैं, इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। यह कहते कहते चंडीगढ़ की मेयर सर्वजीत कौर अत्यंत भावुक हो उठीं। श्रीमती कौर 3 दिसंबर को राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस समारोह की मुख्य अतिथि थी। इस अवसर पर संस्थान के द्वारा एक रंगारंग कार्निवल का आयोजन किया गया जिसमें लजीज भोज्य व्यंजनों के कई स्टाल लगाए गए थे। ग्रिड के विशेष विद्यालय एवं कॉलेज के छात्रों के के द्वारा प्रस्तुत किए गए पंजाबी, वेस्टर्न एवं इस्टर्न नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा दिव्यांग बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, फैशन शो, फन गेम्स एवं उनके अभिभावकों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। बच्चों एवं अभिभावकों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। दिव्यांगता सप्ताह समारोह के अंतिम दिन दिव्यांगों ने भरपूर आनंद लिए। इस कार्यक्रम में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान निदेशक जसविंदर कौर, पूर्व डिप्टी मेयर जगतार सिंह, मानवाधिकार आयोग के डॉ नवनीत, संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, डॉ वाणी रत्नम, डॉ रवि केएम, डॉ रीना जैन, डॉ करुप्पास्वामी, जसपाल शर्मा एवं वंदना सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

